[26 & A-12] No. of printed pages: 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B. A. (I Semester) Examination**
**Friday, 25th November 2016**
**2.00 pm - 5.00 pm**
**UA01CHLT02 : कहानी एवं उपन्यास – भाग – एक (नौ कहानियाँ)**

**कुल अंक : ७०**

**नोट :** हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अपेक्षित है ।

प्रश्न: १ किन्हीं तीन की ससंदर्भ व्याख्या लिखिए । (५×३ = १५)

(क) बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही ।

(ख) ''तो मुझे भी प्राणदंड मिले ।''

(ग) मैं कनकौवे उड़ाने को मना नहीं करता । मेरा जी ललचाता है, लेकिन क्या करूँ, खुद बेराह चलूँ, तो तुम्हारी रक्षा कैसे करूँ? यह कर्तव्य भी तो मेरे सिर है ।

(घ) महाराज हम श्रम नहीं कर सकते । आपकी 'जय' बोलने से अधिक श्रम हमसे नहीं बनता । हमनें संग्राम में पर्याप्त श्रम कर लिया ।

(ड) उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नी व बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त मात्र है । जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिन्दूर डालने की अधिकारी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से सारे कर्तव्यों से छुट्टी पा जाती है ।

प्रश्न: २ 'वापसी' कहानी के आधार पर गजाधर बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्रश्न: २ टिप्पणी लिखिए । (२०)

(क) 'उसने कहा था' कहानी का शीर्षक । **अथवा** 'शरणदाता' का शीर्षक ।

प्रश्न: ३ 'लंका विजय से बाद रामराज्य' में आज की अर्थव्यवस्था पर व्यंग्य किया गया है । स्पष्ट कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्रश्न: ३ टिप्पणी लिखिए । (२०)

(क) 'पुरस्कार' की मधूलिका ।

(ख) 'आत्मशिक्षण' का उद्देश्य ।

प्रश्न: ४

(अ) टिप्पणी लिखिए । (०८)

'पुरस्कार' का शीर्षक । **अथवा** 'आदमी का बच्चा' का शीर्षक ।

(ब) किन्हीं सात प्रश्नों के अतिसंक्षिप्त उत्तर दीजिए । (०७)

१. 'उसने कहा था' कहानी के लेखक कौन है ?
२. मधुलिका कहाँ की निवासिनी थी ?
३. दोनों भाई पढ़ाई के लिए कहाँ रहते थे ?
४. रामचरण के पिता का नाम क्या है ?
५. लेखक को किसका शौक था ?
६. शरणदाता कहानी के लेखक कौन है ?
७. डॉली किसके बच्चे देखने की जिद करती है ?
८. 'वापसी' कहानी के लेखक कौन है ?
९. 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी के लेखक कौन है ?
१०. सीता वनवास के बाद वानर क्या करते है ?